

# वन भूमि पर दोबारा कब्जे के खिलाफ प्रशासन का बड़ा एक्शन

## 600 अधिकारियों और 30 जेसीबी के साथ 200 एकड़ जंगल खाली कराने पहुंची टीम





**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** आमाखुजरी जंगल में वन भूमि पर दोबारा हुए अतिक्रमण के खिलाफ सोमवार सुबह जिला प्रशासन ने बड़े स्तर पर कार्रवाई शुरू की। वन विभाग, पुलिस और राजस्व विभाग के करीब 600 अधिकारी-कर्मचारी, भारी पुलिस बल और 30 जेसीबी मशीनों के साथ गुड़ी रेंज के जंगल में पहुंचे। प्रशासन करीब 200 एकड़ वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने में जुटा है। रविवार को वन अमले पर हुए हमले के बाद यह कार्रवाई और अधिक सख्ती के साथ की जा रही है। कार्रवाई के दौरान एक अप्रत्याशित घटना भी सामने आई। कैंपा वाहन में रखी आंसू गैस की पेटी से अचानक गैस का रिसाव होने लगा। वाहन में मौजूद पुलिसकर्मी इसकी चपेट में आ गए और उन्हें सांस लेने में परेशानी हुई। समय रहते वाहन रोका गया और पेटी खोलकर गैस बाहर निकाली गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

यह वही इलाका है जहां वन विभाग ने कुछ समय पहले करीब 500 एकड़ वन भूमि से अतिक्रमण हटाकर दोबारा कब्जा रोकने के लिए बड़े-बड़े कंटूर बनवाए थे। इसके बावजूद अतिक्रमणकारियों ने करीब 200 एकड़ जमीन पर फिर से कब्जा कर खेती शुरू कर दी। इसी कारण प्रशासन को दोबारा संयुक्त अभियान चलाना पड़ रहा है।रविवार को जब वन विभाग की टीम अवैध बुआई रोकने पहुंची थी, तब बड़ी संख्या में अतिक्रमणकारियों ने विरोध करते हुए पथराव और लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। आरोप है कि महिलाओं को आगे कर गोफन से पत्थर फेंके गए। इस हमले में विशेष फ्लाइंग स्क्वॉड के आठ वनकर्मी घायल हो गए थे। घायलों में किसी का सिर फूटा तो किसी के कान में गंभीर चोट आई। सभी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।घायल वनकर्मियों ने आरोप लगाया कि हमले के बाद करीब दो घंटे तक न तो पुलिस मौके पर पहुंची और न ही एंबुलेंस, जिससे उन्हें समय पर इलाज नहीं मिल सका। घटना के बाद प्रशासन ने रणनीति बदलते हुए सोमवार को भारी पुलिस बल, वन अमले और राजस्व अधिकारियों के साथ संयुक्त कार्रवाई शुरू की है। जंगल के अलग-अलग हिस्सों में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। अभियान की निगरानी एडिशनल एसपी महेंद्र तारणेकर और डीएफओ राकेश कुमार डामोर स्वयं कर रहे हैं।बड़ा सवाल यह है कि जब वन विभाग पहले ही इस क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर सुरक्षा इंतजाम कर चुका था, तो आखिर 200 एकड़ वन भूमि पर दोबारा कब्जा कैसे हो गया यह जांच का विषय है।

**घायल वन कर्मियों से मिलने जिला अस्पताल पहुंचीं विधायक कंचन तनवे** - गुड़ी रेंज में अतिक्रमणकारियों के हमले में घायल वन विभाग के कर्मचारियों से मिलने खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे सोमवार को जिला चिकित्सालय पहुंचीं। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की तथा चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली। विधायक तनवे ने कहा कि वन कर्मी वन एवं पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ड्यूटी के दौरान उन पर हुआ हमला दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले में दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश पालीवाल एवं रोगी कल्याण समिति के सदस्य सतनाम सिंह होरा भी मौजूद रहे।



### 9 नामजद सहित कई अज्ञात पर केस, आज होगी सख्त कार्रवाई

आमाखुजारी के जंगल में अतिक्रमण हटाने गई वन विभाग की टीम पर हुए पथराव और हमले के मामले में पुलिस ने 9 नामजद और कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। रविवार दोपहर हुई घटना में गोफन और पत्थरों से हुए हमले में 5 वनकर्मी घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। डीएफओ राकेश कुमार डामोर ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। वन विभाग और प्रशासन ने सोमवार को दोबारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की तैयारी की है। इसके लिए जेसीबी मशीनों की व्यवस्था की गई है और पुलिस बल भी तैनात किया गया है। पुलिस ने राजू, घनश्याम, सुखलाल, अर्जुन (पिता कालू), अर्जुन (पिता रतन), छतरसिंह, सरदार और रमेश सहित 9 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। अज्ञात आरोपियों की पहचान वीडियो फुटेज के आधार पर की जा रही है। मामला थाना पिपलोद में दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

---

**-: एक नजर :-**

## सहकारिता सप्ताह के पहले दिन सहकारिता सिद्धांतों की ली शपथ



**छैगांव माखन।** बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि सहकारी संस्था, छैगांव माखन में सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ। पहले दिन शाखा अंतर्गत सभी सहकारी समितियों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहकारिता के सिद्धांतों के प्रति निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने की शपथ ली। शाखा प्रबंधक कल्पना खंडेलवाल ने कार्यालय कर्मचारियों के साथ शपथ ग्रहण करते हुए सहकारिता की भावना को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि सहकारिता सप्ताह के दौरान विभिन्न जनजागरूकता एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि सप्ताह भर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही निबंध लेखन, पेंटिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सहकारी थीम पर आधारित बाल पेंटिंग तथा नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इन गतिविधियों का उद्देश्य सहकारिता के सिद्धांतों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना और युवाओं व आमजन को सहकारी आंदोलन से जोड़ना है।

## पिछले 24 घंटों में जिले में 7 .4 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**खण्डवा ।** पिछले चौबीस घंटों में जिले में 7.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में खण्डवा तहसील में 0 मिली मीटर, नया हरसूद तहसील में 0 मिली मीटर, पंधाना तहसील में 34 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 0 मिमी तथा खालवा तहसील में 3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 29 जून तक 151.8 मि.मी. औसत वर्षा हुई थी, जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 89.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खण्डवा तहसील में 79 मिली मीटर, नया हरसूद तहसील में 48 मिली मीटर, पंधाना तहसील में 116 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 112 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 92 मिली मीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

## सेवा में लापरवाही पड़ी भारी, सचिवों पर अर्थदंड

**खंडवा ।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवेदकों को चिन्हित सेवाएं समय सीमा में उपलब्ध न कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों पर अर्थ दंड लगाने की कार्यवाही की गई। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि जिले के खालवा विकासखंड के 3 पंचायत सचिवों द्वारा आवेदकों को जन्म प्रमाण पत्र समय सीमा में उपलब्ध न कराने पर उन पर अर्थदंड लगाने की कार्यवाही की गई है। निर्धारित प्रावधानों के तहत अर्थदंड की यह राशि ढाई सौ रुपए प्रतिदिन के मान से लगाई जाती है। जिन पंचायत सचिवों पर अर्थदंड लगाया गया है, उनमें ग्राम पंचायत डाभीया की पंचायत सचिव श्रीमती टीना पटेल पर 5 दिन देर से सेवाएं उपलब्ध कराने पर कुल 1250 रुपए का अर्थ दंड लगाया गया है। जबकि ढकोची के पंचायत सचिव लाल बहादुर शिलाले पर 250 रुपए, तथा मीरपुर खालवा के पंचायत सचिव शुभम मार्को पर भी 250 रुपए का अर्थदंड लगाया गया है।

## सहकारी समितियों के चुनाव की तैयारी तेज

### सदस्यता सूची के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**खंडवा।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी ने जिले की विभिन्न सहकारी समितियों के आगामी निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है।मानव कृषक सह एवं क्रय-विक्रय विपणन सहकारी संस्था पंधाना, आदर्श क्रय-विक्रय सहकारी समिति न्यू हरसूद (छनेरा), शिवाय महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति पिपलियाफूल, शारदा महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति गुयड़ा, सर्वोदय परस्पर साख सहकारी संस्था, प्रणोती कृषक विपणन सहकारी समिति खंडवा तथा परस्पर क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी छनेरा के लिए संबंधित सहकारिता निरीक्षकों को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है।इन सभी समितियों की सदस्यता सूची से जुड़े मामलों की अपील के लिए उपायुक्त सहकारिता को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का आज समापन

**खंडवा।** 19 मार्च से शुरू हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून को समाप्त होगा। समापन अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएँ आयोजित की जाएंगी, जिनमें मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा।ग्राम सभाओं में अभियान के तहत किए गए जल संरक्षण कार्यों, उपलब्धियों और लाभान्वित परिवारों की जानकारी साझा की जाएगी। साथ ही जल संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों, जलदूतों, स्वयंसेवी संगठनों और सामुदायिक संस्थाओं का सम्मान भी होगा। बैठकों में वर्षा जल संचयन, भू-जल संवर्धन और जल सुरक्षा की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा 1 जुलाई से शुरू होने वाली विकसित भारतङ्करोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) -वीबी जीराम जी योजना की जानकारी भी ग्रामीणों को दी जाएगी।

---

## वट सावित्री व्रत पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

**पति की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली की कामना**



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर शहर में महिलाओं ने श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक विधि-विधान के साथ व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य, परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए वट वृक्ष की परिक्रमा की तथा रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। व्रत में शामिल महिलाओं ने पूरे दिन उपवास रखकर भगवान से परिवार के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। पूजन स्थल पर भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। महिलाओं ने एक-दूसरे को वट सावित्री व्रत की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर अनीता राठौर, विजयश्री राठौर, जया भास्कर और रानी पवार सहित अनेक महिलाओं ने पूर्णिमा के दिन व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने कहा कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक है। यह व्रत पति-पत्नी के अटूट विश्वास, समर्पण और प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों के उत्तम स्वास्थ्य, सुखद जीवन और निरंतर उन्नति की कामना की।पूरे आयोजन के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए वट वृक्ष की पूजा की। पूजा के बाद प्रसाद वितरित किया गया और सभी ने समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की।

## माहेश्वरी सभा के निर्विरोध चुनाव संपन्न, उमेश बाहेती बने अध्यक्ष





**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** खण्डवा जिला माहेश्वरी सभा के त्रैवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति एवं निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी भगवान दास मंत्री, राजनारायण परवाल एवं विजय काबरा के मार्गदर्शन में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई।निर्विरोध निर्वाचन में उमेश बाहेती को अध्यक्ष, संजय अजमेरा को सचिव तथा संतोष लड्ढा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष रहेगा।इसके अलावा रामस्वरूप बाहेती को अखिल भारतीय प्रतिनिधि, अनिल बाहेती, हेमंत मुंदड़ा, सुभाष जाखेटिया, राम अजमेरा एवं कृष्णमोहन सोमानी को पश्चिमांचल कार्यसमिति सदस्य चुना गया। विष्णु जैथलिया को कार्यकारी मंडल सदस्य, दीपक धूत को उपाध्यक्ष, मनीष भदादा को सह सचिव, सुमित काकाणी को संगठन मंत्री तथा नारायण बाहेती को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मुकेश झंवर, दिनेश बाहेती, राजकुमार राठी, विजय मंत्री, कृष्णकांत हेड़ा, मनीष काबरा, मनीष हूरकट और विजय राठी का चयन किया गया।इस अवसर पर समाजजनों ने सभी पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी समाज के संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा सामाजिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

---

# 22 साल बाद भी हक का इंतजार

## विस्थापितों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार



**नवभारत न्यूज़**

**हरसूद।** इंदिरा सागर बांध परियोजना से विस्थापित हरसूद के लोगों ने डूब की 22वीं बरसी पर एक बार फिर अपने अधिकारों की मांग उठाई है। विस्थापितों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर नए हरसूद में आवंटित व्यावसायिक भूखंडों का शीघ्र मालिकाना हक दिलाने की मांग की है। विस्थापितों ने पत्र में उल्लेख किया कि हाल ही में मुख्यमंत्री ने ग्वालियर जिले के ग्राम कुलेथ में पट्टे की जमीन की रजिस्ट्री कराने और उसका खर्च सरकार द्वारा वहन करने की घोषणा की थी। इसी आधार पर उन्होंने सवाल उठाया कि इंदिरा सागर परियोजना के लिए अपना घर, जमीन, व्यवसाय और जीवनभर की पूंजी गंवाने वाले हरसूद के विस्थापित आज भी अपने अधिकारों से वंचित क्यों हैं। विस्थापितों का कहना है कि एनएचडीसी ने नए हरसूद में आवासीय और व्यावसायिक भूखंडों की पूरी राशि करीब 22 वर्ष पहले ही जमा करा ली थी। इसके बावजूद व्यावसायिक भूखंडों का मालिकाना हक आज तक नहीं दिया गया। उनका आरोप है कि मालिकाना हक नहीं मिलने के कारण वे इन भूखंडों पर बैंक से ऋण भी नहीं ले पा रहे हैं और कई व्यापारी आज भी अपना व्यवसाय शुरू नहीं कर सके हैं।विस्थापित चंद्र कुमार सांड ने कहा कि हरसूद के लोगों ने अपनी दुकानें, कारोबार और वर्षों की कमाई परियोजना के लिए त्याग दी, लेकिन बदले में आज तक उन्हें व्यावसायिक भूखंडों का स्वामित्व नहीं मिला। उन्होंने मांग की कि सरकार तत्काल मालिकाना हक प्रदान करे, ताकि विस्थापित अपनी दुकानों का निर्माण कर स्वरोजगार शुरू कर सकें और नए हरसूद में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।

मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र पर चंद्र कुमार सांड, सुजान सिंह राठौर, दीपेंद्र सोलंकी, अनार सिंह गुर्जर, राजेंद्र अग्रवाल सहित कई विस्थापितों के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि 22 वर्षों से लंबित इस मुद्दे का शीघ्र समाधान कर विस्थापितों को उनका वैधानिक अधिकार दिलाया जाए।

## सात दिवसीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं जिला सहकारी संघ, खंडवा में सोमवार को सात दिवसीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ हुआ। उप आयुक्त सहकारिता संयजसिंह आर्य ने ध्वजारोहण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहकारिता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य पर्यवेक्षक गजेंद्र अत्रे, जिला सहकारी संघ के प्रबंधक मेहताबसिंह भदौरिया सहित बैंक के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। उप आयुक्त संयजसिंह आर्य ने कहा कि भारतीय सहकारिता आंदोलन दुनिया का सबसे बड़ा सहकारी आंदोलन है और इसके माध्यम से किसानों, महिलाओं, युवाओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। उन्होंने सहकारिता से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। सहकारी सप्ताह के तहत 29 जून से 5 जुलाई तक जिले के विभिन्न स्थानों पर सहकारिता जागरूकता, किसान एवं कृषि विपणन, डिजिटल सहकारिता, महिला आजीविका, सहकारी नवाचार, रोजगार एवं उद्यमिता तथा सहकार से समृद्धि-विकसित मध्यप्रदेश विषयों पर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। जिला सहकारी संघ ने नागरिकों से इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

---

**शिकायत** | **बिजली नहीं ... फिर भारी बिल क्यों?**

# अघोषित कटौती पर कांग्रेस का एमपीईबी कार्यालय घेराव, स्मार्ट मीटर को बताया स्मार्ट लूट



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** अघोषित बिजली कटौती, बढ़े हुए बिजली बिल और विद्युत व्यवस्था की बदहाली के विरोध में सोमवार को शहर जिला कांग्रेस ने अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी के नेतृत्व में कहारवाड़ी स्थित मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस कार्यकर्ता गांधी भवन से रैली निकालकर बॉम्बे बाजार, केवलराम पेट्रोल पंप और फूल बाजार होते हुए बिजली कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की गई तथा आम उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई गई। इस दौरान बोहरा समाज की कई महिलाओं ने भी अपनी समस्याएं कांग्रेस नेताओं के समक्ष रखीं। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कार्यपालन यंत्री ब्रजमोहन गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन विकास व्यास ने किया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि शहर में लंबे समय से बिना सूचना बिजली कटौती, मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद रखने और बढ़े हुए बिजली बिलों से लोग परेशान हैं। आंधी-तूफान के बाद भी कई इलाकों में समय पर बिजली बहाल नहीं होती, जबकि जर्जर लाइनें और क्षतिग्रस्त पोल लगातार फॉल्ट का कारण बन रहे हैं।जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कहा, स्मार्ट मीटर सरकार की स्मार्ट लूट का माध्यम बन गया है। जनता समय पर बिल भर रही है, लेकिन पर्याप्त बिजली और बेहतर सेवा नहीं मिल रही। उपभोक्ता एक घंटे की देरी करे तो पेनल्टी लग जाती है, लेकिन विभाग की लापरवाही पर कोई जवाबदेही तय नहीं होती।कांग्रेस ने बढ़े हुए एवं त्रुटिपूर्ण बिजली बिलों की जांच कर राहत देने, अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करने, ट्रांसफार्मरों और विद्युत लाइनों का नियमित रखरखाव करने तथा जर्जर पोल और तारों को शीघ्र बदलने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।प्रदर्शन में रियाज हुसैन, देवेंद्र जैन, डॉ. शरद हरणे, दीपक मुल्लू राठौर, शौकत काका, मनोज मंडलोई, इमरान गौरी, विशाल जैन, शब्बीर कादरी, असलम गौरी, तारिक बबलू पटेल, अकरम जाटू, मोइज खान, आसिम पटेल, इकबाल कुरैशी, महमूद खान, अविनाश शुक्ला, यशवंत सिलावट, वामनराव जाधव, संदीप सोनी, मनोज कसेरा, मुजाहिद कुरेशी, दिव्यांश ओझा, रणधीर कैथवास सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।